वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 237 सोमवार 25 दिसम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# प्रदेश में नए चेहरों को मिल सकता है मौका

## राजस्थान में मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारियां शुरू : 15 से 17 मंत्री जल्द ले सकते हैं शपथ




### केंद्रीय नेतृत्व से मिल चुकी है नामों को हरी झंडी

**जयपुर. कासं**

राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा। इसको लेकर राजभवन में तैयारियां शुरू हो गई है। मंगलवार या बुधवार को मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। 15 से 17 विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। सोमवार को मध्यप्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो रहा है। इससे पहले छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार हो चुका है। ऐसे में माना जा रहा है कि 1-2 दिन में राजस्थान में भी मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भी रविवार को श्रीगंगानगर में मीडिया से कहा कि जल्द ही एक छोटा मंत्रिमंडल बनेगा। उसके बाद मंत्रिमंडल का विस्तार भी होगा। इसमें सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। ऐसे में मानकर चला जा रहा है कि सीएम भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल में 15 से 17 मंत्री बन सकते हैं। वहीं लोकसभा चुनावों के बाद एक बार फिर मंत्रिमंडल का विस्तार देखने को मिल सकता है। मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल नामों को लेकर बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व से सीएम शर्मा को हरी झंडी मिल चुकी है। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सीएम के साथ ही दोनों उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा दो बार दिल्ली जा चुके हैं। माना जा रहा है कि 21 दिसंबर को सीएम शर्मा की पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले नामों को फाइनल किया जा चुका है। ऐसे में अब किसी भी समय मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है।

### वरिष्ठ विधायक भी बन सकते हैं मंत्री



सीएम भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल में नए लोगों को मौका मिल सकता है। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल में उन विधायकों को मौका दिया जा सकता है, जो अभी तक कभी मंत्री नहीं बने। हालांकि कुछ वरिष्ठ विधायकों को भी मंत्री बनाया जा सकता है। इनकी संख्या ज्यादा नहीं होगी। वहीं, लोकसभा चुनावों से पहले जातीय और क्षेत्रीय संतुलन बनाकर मंत्रिमंडल में विधायकों को शामिल किया जाएगा। इससे पार्टी लोकसभा चुनावों में इसे भुना सके। ऐसे में माना जा रहा है कि शेखावाटी अंचल जहां बीजेपी की परफॉर्मेंस फिसड्डी रही है, वहां जीते हुए अधिकतर विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है।

### ये हैं प्रबल दावेदार

पूर्वी राजस्थान के सबसे कद्दावर नेताओं में शामिल डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के मंत्रिमंडल में शामिल होने की प्रबल संभावना है। वहीं, हिंदूवादी चेहरा और तिजारा से विधायक बाबा बालकनाथ भी भजनलाल मंत्रिमंडल का हिस्सा हो सकते हैं। महिला चेहरों में अनिता भदेल, दीप्ति माहेश्वरी और पहली बार विधायक बनीं नौक्षम चौधरी पर नजरें हैं। वहीं, दलित वर्ग से जितेंद्र गोठवाल और वरिष्ठ विधायक मदन दिलावर भी मंत्री की जिम्मेदारी संभालते हुए नजर आ सकते हैं, जबकि राजपूत समाज से पुष्पेंद्र सिंह राणावत, सिद्धि कुमारी जैसे वरिष्ठ विधायकों के समर्थकों को उम्मीद है कि उनके नेता इस बार जरूर मंत्री बनेंगे। ब्राह्मण समाज को भी उम्मीद है कि मुख्यमंत्री के बाद समाज के एक-दो विधायक भी मंत्री बन सकते हैं। इसलिए संजय शर्मा, संदीप शर्मा, जेठानंद व्यास जैसे विधायक भी रेस में बने हुए हैं। नए मंत्रिमंडल में सबसे ज्यादा नजरें जाट समाज को मिलने वाले प्रतिनिधित्व पर टिकी होंगी। क्योंकि मुख्यमंत्री, दो उप मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष जैसे एक भी पद पर जाट चेहरे को मौका नहीं दिया गया है। ऐसे में अब लोगों की नजरें इस पर टिकी है कि 12 जाट विधायकों में से कितने लोगों को मंत्री बनाया जाएगा।

# वार्षिक मेले में बच्चों ने की जमकर मस्ती, जीते उपहार

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आदर्श नगर स्थित एसवी पब्लिक स्कूल में आज वार्षिक मेले का आयोजन हुआ। इन्द्रधनुषीय आभा में आयोजित इस मेले में बच्चों ने फैशन शो, फैन्सी ड्रेस और कई गेम्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा के हुनर दिखाया,वहीं मेले में सजी स्टॉल्स पर चटपटे लजीज व्यंजनों और झूलों पर जमकर मस्ती की। मेले का शुभारंभ विद्यालय के सचिव डॉ. कमलेश कुमार खिलनानी, ), प्राचार्या विभा सक्सेना व प्रबंध समिति के सदस्यों ने फीता काटकर किया। इसके बाद शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने परस्पर सहभागिता का परिचय देते हुए विभिन्न तरह के व्यंजनों एवं खेलो की स्टॉल लगाई। इसके बाद शुरू हुआ मेले में मस्ती करने का सिलसिला, जिसमें दिनभर बच्चों ने स्टॉलों पर चटपटे लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए खूब झूले झूलकर जमकर मस्ती करते हुए मेले का एंजॉय किया। इस दौरान फैशन शो,फैन्सी ड्रेस और रोचकपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने इस संध्या को और भी अधिक यादगार बना दिया। मेले का प्रमुख आकर्षण लकी डॉ रहा,जिसमें बहुत ही अच्छे उपहारो से दर्शक खुश हो गए।




# पंडित राम दत्त मिश्रा आचार्य सेवा संस्थान ने गरीब मजदूरों को वितरित किए कंबल



**अम्बाह. शाबाश इंडिया।** ब्रह्मलीन संत पंडित राम दत्त मिश्रा आचार्य मानव सेवा संस्थान थरा द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी फुटपाथ पर बैठकर व्यापार करने वाले गरीब लोगों को बाजार में घूम-घूम कर कंबल वितरित किए गये इस दौरान आयोजक रोटरी क्लब के अध्यक्ष अंकित मिश्रा के साथ-साथ एस डी ओपी रवि भदौरिया, नगर निरीक्षक आलोक परिहार, डॉक्टर सुधीर आचार्य एवं डॉ अनिल पचौरी बालकृष्ण शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे संस्थान के प्रमुख अंकित मिश्रा ने बताया कि हर साल सर्दियों में ब्रह्मलीन गृहस्थ संत पंडित राम दत्त मिश्रा की प्रेरणा से विभिन्न जगहों पर कम्बल वितरण किए जाते है। पिछले साल हमने रात में रास्ते में सोए हुए और जरूरतमंदों को कम्बल दिए थे, इस बार हमने फुटपाथ पर व्यापार करने वाली मोचियों सहित अन्य लोगों को कंबल वितरण करने का निर्णय लिया जिससे इन लोगों को कुछ राहत मिल सके। अभियान के दौरान लगभग एक सैकड़ा कंबलों का वितरण किया गया। एसडीओपी रवि भदौरिया ने कहा कि सर्दी बढ़ गई है और हमारे आस-पास बहुत से ऐसे गरीब लोग रहते है, जिनके पास ज्यादा गर्म कपड़े नहीं होते, ऐसे लोगों की मदद के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना चाहिए। नगर निरीक्षक आलोक सिंह परिहार ने कहा कि मानव सेवा सर्वोपरि है समाजसेवियों के जरिए हमें जरूरतमंदो की मदद करने का अवसर मिला है इसके लिए हम आभारी है उन्होंने लोगों से अपील करते हुऐ कहा कि यदि उनके आसपास भी कोई असहाय या जरूरतमंद दिखे तो उसकी यथासंभव मदद करें आयोजक अंकित मिश्रा ने बताया कि पंडित राम दत्त मिश्रा आचार्य मानव सेवा संस्थान द्वारा यह अभियान पूरे सप्ताह भर चलाया जाएगा उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में ऑथोरिटी द्वारा भी जगह-जगह अलाव लगाने की व्यवस्था जल्द होनी चाहिए।

# सांगाकाबास में हुआ विधान का आयोजन

## संभव नाथ के दरबार में भक्ति में झूम उठे श्रद्धालु



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर ज़िले की डूँगरी कला पंचायत के गाँव सांगाका बास के अति प्राचीन जैन मन्दिर में रविवार को दिन में अतिशय कारी संभव नाथ के दरबार में साज बाज के साथ ब्र. सूरज मल जी द्वारा लिखित शांति विधान का आयोजन हुआ। मन्दिर समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के अनुसार भगवान श्री 1008 संभव नाथ के जलाभिषेक के बाद चोबीस भगवान की प्रतिमा को पांडुकशीला पर विराजित कर सर्व शांति हेतु मंत्रोचारण के साथ शांति धारा केवल चंद प्रतीक ध्रुव बिलाला परिवार द्वारा की गई। विधान प. रोहित शास्त्री ने विधि पूर्वक ज्ञान चंद बस्सी के सहयोग से संपन्न कराया। संगीतकार साक्षी जैन एण्ड पार्टी की भक्ति मय प्रस्तुति में श्रोता गण भाव विभोर हो कर साजों की लय व तान पर झूम उठे। विधान में सभी ने अष्ट द्रव्य से पूजन कर धर्म लाभ लिया तथा 108 बार स्वाहा स्वाहा का उच्चारण करते हुए जाप किए। दुली चंद बिलाला ने बताया कि आयोजन में रेनवाल नगरपालिका अध्यक्ष अमित ओसवाल, समाज अध्यक्ष गुणसागर ठोलिया, महिला मंडल अध्यक्ष अंजू नरेंद्र काला, रूपा सेठी कलकत्ता, भाग चंद जैन तिनसुखिया, सोभाग अजमेरा जनकपुरी, सहित रेनवाल जयपुर राधाकिशन पूरा दाँता जोबनेर डूँगरी आदि कई स्थानों के सैंकड़ों श्रावको की उपस्थिति रही। सभी का जूबी जैन बिलाला ने गीत व भावों के साथ स्वागत अभिनंदन किया। अंत में संभव नाथ भगवान की आरती के साथ विधान सानन्द संपन्न हुआ।

# जैसवाल जैन सम्मेलन में 235 प्रतिभाओं का हुआ परिचय



**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**

**सोनागिर जी, ग्वालियर।** जैसवाल जैन समाज के अविवाहित युवक युवती परिचय सम्मेलन में दो सो से अधिक युवक युवतियों के परिचय प्रस्तुत किए गए । अविवाहित प्रतिभाएं प्रस्तुति समूह के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक मनोज नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि जैसवाल जैन समाज का दो दिवसीय परिचय सम्मेलन सोनागिर जी में चल रहा है । सम्मेलन के प्रथम दिन सन्मति फाउंडेसन के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन मधुवन दिल्ली एवम न्यास के महामंत्री सीए कमलेश जैन गुरुग्राम ने ध्वजारोहण किया । पंडाल एवम मंच का उद्घाटन महेंद्र जैन, कमलेश जैन सीए, सुदीप जैन गुरुग्राम ने किया । कार्यक्रम में समाज के 235 अविवाहित युवक युवतियों का परिचय कराया गया । साथ ही विडियो द्वारा भी परिचय प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात श्रेष्ठी वर्ग द्वारा ने चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन एवम मां जिनवानी की स्थापना की गई । स्वागत भाषण का वाचन रूपेश जैन दिल्ली एवम अजय जैन शिवपुरी ने समूह की रिपोर्ट प्रस्तुत की ।

# सांगानेर चित्रकूट कॉलोनी दिगंबर जैन मंदिर में सिद्ध चक्र मंडल विधान महोत्सव प्रारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सांगानेर चित्रकूट कॉलोनी दिगंबर जैन मंदिर में सिद्ध चक्र मंडल विधान महोत्सव का घटयात्रा से शुभारंभ हुआ। मीडिया प्रभारी दीपक जैन पहाड़िया ने बताया कि राष्ट्र गौरव गणिनी आर्यिका भरतेश्वरी मति माता जी ससंघ के सानिध्य में भव्य श्रीजी की घटयात्रा निकाली गई । समारोह के पुण्यार्जक रतनलाल, पारस कुमार, अलका देवी, अरुण कुमार, श्रीमती प्रभा, अरविंद कुमार, श्रीमती मेनका जैन, आदित्य जैन सिंघल फागी वाला परिवार ने समस्त क्रिया इस महोत्सव की, श्रीजी की घट यात्रा के बाद कार्यकम स्थल पर जैन पंचरंगा ध्वजारोहण हुआ। 28 दिसंबर 2023 को विश्व शांति महायज्ञ, हवन एवम श्रीजी की शोभायात्रा के साथ विधान का समापन होगा।







## वेद ज्ञान

### अज्ञान के समान दूसरा कोई शत्रु नहीं

अज्ञान आपका घातक शत्रु है, जबकि ज्ञान हितैषी मित्र। ज्ञान जीवन के लिए आशा, उमंग, प्रेरणा, उत्साह व आनंद के इतने गवाक्ष खोल देता है कि जीवन का क्षण-क्षण ईश्वर का अनमोल उपहार प्रतीत होता है। एक सृजनशील क्षण आपको प्रतिष्ठा के उत्तुंग शिखर पर प्रतिस्थापित कर सकता है, जबकि कुविचार की अवस्था में क्षण भर का निर्णय आपको निकृष्टता की गर्त में धकेलकर जन्म-जन्मांतरों के लिए आपको लांछित व कलंकित करने के लिए पर्याप्त है। अज्ञान हमें निराशा और पतन की ओर ले जाता है, जबकि ज्ञान आत्मिक उन्नति का पर्याय बन जीवन समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नयन की आधारशिला भी बनाता है। जीवन में यत्र-तत्र-सर्वत्र आनंद व सृजन का सौरभ प्रवाहित करता रहता है। चाणक्य ने कहा है कि अज्ञान के समान दूसरा कोई शत्रु नहीं है। अज्ञान के अंधकार में ज्ञान रूपी प्रकाश के अभाव में भविष्य रूपी भाग्य की राहें अदृष्ट हो जाती हैं और मनुष्य असहाय होकर अपने कर्म व चिंतन की दहलीज पर ही ठोकरें खाने को विवश होता है। मंजिल व लक्ष्य पास होने पर भी वह उसे न पाने के लिए अभिशप्त होता है। फिर वह अपनी ही सोच व कर्म के चक्रव्यूह में फंसकर भय से प्रकंपित होता रहता है। कनफ्यूशियस का मानना है कि अज्ञान मन की निशा है, किंतु वह निशा, जिसमें न तो चंद्र है और न ही नक्षत्र। ज्ञान मनुष्य को तृप्ति, संतोष, आनंद, शांति व निर्भयता का दान देता है, जबकि अज्ञान अतृप्ति, असंतोष, अशांति व भय का उपहार देता है। प्रसिद्ध विचारक ए. होम का मत है कि अज्ञान भय की जननी है। वास्तव में सभी अपराध, विध्वंस, कुकृत्य और अनैतिक कार्य अज्ञान से प्रेरित होकर ही किए जाते हैं। चोर अज्ञानता में ही चोरी का अनैतिक कार्य करता है। वह उसे जीवन का चरम और परम व्यवसाय लगता है, किंतु ज्ञान व बोध हो जाने पर उसके आगोश में बिताए गए क्षणों के प्रति पश्चाताप का भाव उत्पन्न होता है। शेक्सपियर ने अज्ञान को अंधकार कहा है, जिसमें मनुष्य घुटने के लिए विवश होता है।

## संपादकीय

# विवादों से बाहर नहीं निकल पा रहा भारतीय कुश्ती महासंघ

भारतीय कुश्ती महासंघ विवादों से बाहर नहीं निकल पा रहा। हालांकि लंबे इंतजार के बाद इसके पदाधिकारियों का चुनाव हो तो गया, मगर उसके अध्यक्ष पर पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के काबिज होने से एक नया विवाद शुरू हो गया है। इस जीत से निराश होकर साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी। पहलवान बजरंग पुनिया ने भी अपना पद्म श्री सम्मान लौटा दिया है। कहा जा रहा है कि संजय सिंह के जरिए कुश्ती महासंघ पर एक तरह से बृजभूषण शरण सिंह का ही कब्जा बना रहेगा। इसके संकेत भी चुनाव नतीजे आने के साथ ही मिलने शुरू हो गए थे। न केवल बृजभूषण शरण सिंह विजय जुलूस में शामिल हुए, बल्कि उनके घर के बाहर समर्थकों ने इस आशय का बैनर भी लगाया कि दबदबा बना रहेगा। गौरतलब है कि बृजभूषण शरण सिंह पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लगा था। इसे लेकर लंबे समय तक महिला खिलाड़ियों ने धरना-प्रदर्शन



किया था। मगर खेल मंत्रालय का रवैया इस मामले में पक्षपातपूर्ण ही देखा गया था। तब अदालत के हस्तक्षेप से बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा सकी थी। फिर भी दिल्ली पुलिस जांच में कोताही बरतती देखी गई थी। अंततः अदालत की सख्ती के बाद उनके खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल हो सका था। जांचों से स्पष्ट है कि महिला खिलाड़ियों के प्रति बृजभूषण शरण सिंह का व्यवहार उचित नहीं था। इसलिए अदालत ने उनके और उनके परिवार के किसी सदस्य के महासंघ का चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। मगर संजय सिंह को चुनाव लड़ा कर एक तरह से बृजभूषण शरण सिंह ने फिर से महासंघ पर अपनी पकड़ बना ली है। ऐसे में खिलाड़ियों का भय, निराशा और आक्रोश समझा जा सकता है। खिलाड़ियों ने आंदोलन ही इस बात को लेकर छेड़ा था कि महासंघ को साफ-सुथरा और खिलाड़ियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा सके। मगर ऐसा हो न सका। सरकार का सकारात्मक रुख न होने की वजह से खिलाड़ियों ने पहले भी अपने पदक गंगा में विसर्जित करने का फैसला किया था। मगर उन्हें ऐसा करने से रोका और आश्वस्त किया गया था कि उनकी मांगें पूरी कराई जाएंगी। अब जब फिर से महासंघ पर बृजभूषण शरण सिंह की छाया बरकरार है, तो समझाना मुश्किल नहीं कि इन खिलाड़ियों के लिए उसमें रहना कितना मुश्किल होता। दरअसल, यह स्थिति केवल कुश्ती महासंघ की नहीं है। हर खेल संघ में किसी न किसी तरह का विवाद देखा जा सकता है। इसलिए कि खेल संघों में राजनीतिक लोगों का प्रवेश रोका नहीं जा सका है। कुछ साल पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में उठे एक विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय ने लोढ़ा समिति की गठन किया था। उसने सुझाव दिया था कि बीसीसीआइ में खिलाड़ियों को ही पदाधिकारी बनाया जाना चाहिए और उनका एक पद पर कार्यकाल एक वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। जब तक राजनीतिक लोगों को खेल संघों से दूर नहीं रखा जाएगा, तब तक इनमें अनियमितताओं को खत्म करना मुश्किल ही बना रहेगा।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# दूरसंचार में सुधार

देश में आजादी से पहले गिनती के टेलीफोन हुआ करते थे, पर अब भांति-भांति के फोन सब्सक्राइबर की संख्या एक अरब की संख्या को पार कर चुकी है। जब 74 करोड़ से ज्यादा इंटनरेट उपयोक्ता हो गए हैं, तब दूरसंचार संबंधी कानूनों को बदलना बहुत जरूरी है। संसद में दूरसंचार विधेयक, 2023 को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया है और इसकी खूब चर्चा हो रही है। जिस देश में ज्यादातर लोगों के हाथों में फोन हो, वहां उससे संबंधित किसी कानून का बनना या बदलना स्वाभाविक ही रोचक विषय है। यह विधेयक उपग्रह स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन की अनुमति देता है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए लाइसेंस व्यवस्था को प्राधिकरण व्यवस्था से बदल देता है। कानून में उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के उपायों को मजबूत करता है और विवाद समाधान के लिए चार-स्तरीय संरचना भी प्रदान करता है। नया विधेयक इसलिए भी मायने रखता है, क्योंकि यह भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम (1885) और वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम (1933) का भी स्थान लेगा। भारत में दूरसंचार क्षेत्र में जिस ढंग से बदलाव हुए हैं, उसमें निजी क्षेत्र की पकड़ बहुत मजबूत हो गई है। निस्संदेह, नया दूरसंचार कानून सरकार के हाथ मजबूत करेगा। विगत दशकों में हमने देखा है कि देश में सिम कार्ड एक तरह से गली-गली में बंटे हैं। मोटे तौर पर दो ही बड़ी कंपनियां मैदान में मजबूती से बची हैं, पर जब लगभग छह कंपनियां सक्रिय थीं, तब किसी भी मोहल्ले में लोगों से ज्यादा सिम कार्ड पाए जाते थे। जाहिर है, सिम कार्ड लेने के लिए फर्जीवाड़ा भी खूब हुआ। बढ़ती सुविधा के साथ साइबर ठगी को भी बल मिला, पर नए कानून के लागू होने के बाद अगर कोई गलत ढंग से सिम लेता है, तो उसे तीन साल की सजा या 50 लाख रुपये तक के आर्थिक दंड का भागी बनना पड़ सकता है। ऐसे कड़े कानून के बाद अगर फर्जी ढंग से सिम कार्ड का बंटना रुक जाएगा, तो यह निस्संदेह देशहित में होगा। इससे साइबर ठगी रोकने में भी मदद मिलेगी। ग्राहक सत्यापन में कड़ाई बरती जाएगी, इसकी शिकायत हो रही है, लेकिन भारत जैसे देश में, जहां तकनीक का दुरुपयोग आम बात है, यह उचित है। संदिग्ध या अपराधी ग्राहकों या उपयोक्ताओं पर निगरानी का भी साया रहेगा। गोपनीयता की चिंता जताई जा रही है, पर जरूरी होने पर गोपनीयता में सेंध सरकार के लिए मजबूरी है। सरकार किसी संदेश को बीच में ही रोकने में सक्षम होगी। हां, प्रेस को छूट दी गई है। वाट्सएप इत्यादि के जरिये होने वाली कॉल और ओटीटी मैसेजिंग की भी निगरानी संभव हो जाएगी। गौर करने की बात है कि दूरसंचार पर सरकार का कब्जा इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि दूरसंचार का ज्यादातर काम निजी कंपनियों के हाथों में है और निजी कंपनियों में प्रत्यक्ष या परोक्ष ढंग से विदेशी पैसा भी लगा हुआ है। विशेष रूप से उपद्रवग्रस्त इलाकों में सरकार पहले भी किसी नेटवर्क को अपने हाथ में लेती रही है, अब इस कानून के जरिये उसे इस काम में आसानी होगी। आम आदमी के नजरिये से देखें, तो दूरसंचार के क्षेत्र को अच्छी सेवाओं के पैमाने पर अभी बहुत आगे जाना है और तकनीक को ज्यादा सहज होना है। इन कानूनों में किए गए अनेक प्रावधान बहुत जरूरी हैं, अगर यह भावी कानून आम आदमी को सुरक्षित करता है, तमाम तरह की ठगी से बचाता है, तो यह कानून सच्चे अर्थों में प्रशंसनीय हो जाएगा। ध्यान रहे, इस साल देश में दस लाख से ज्यादा साइबर ठगी के मामले हो चुके हैं।

# नचिकेतन पब्लिक स्कूल में शीतकालीन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। शहर के ममेरां रोड बाईपास स्थित नचिकेतन पब्लिक स्कूल के भव्य ऑडिटोरियम में वार्षिक शीतकालीन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में रिषी शर्मा, खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारी, ऐलनाबाद व विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र गोदारा, रिटायर्ड प्रिंसिपल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चैयरमैन राजेन्द्र सिंह सिद्धु, सचिव छबील दास सुथार ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि रिषी शर्मा, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र गोदारा, विद्यालय चैयरमैन राजेन्द्र सिंह सिद्धु, सचिव छबील दास सुथार, निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु, प्रशासक अशोक कुमार मोहराना, प्रबंधन समिति के सदस्य मनिन्द्र सिंह सिद्धु, परमिन्द्र सिंह सिद्धु, कपिल सुथार तथा पत्रकार जगतार शर्मा, विनोद विक्टर व एल.डी. स्वामी




ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के आरंम्भ में विद्यालय की सा रे गा मा टीम ने अपने स्वागत गान से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु द्वारा दिए गए संबोधन में उन्होंने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों से इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य भी सांझा किया। उन्होंने बच्चों के स्वर्णिम भविष्य को लेकर विद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति नर्सरी-ए के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई ''जिंगल बेलस'' थी जो बड़ी मनमोहक थी। नर्सरी-बी के बच्चों द्वारा पापा तो बैण्ड बजाए ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरी। कक्षा के.जी.-बी के बच्चों द्वारा आज की पार्टी मेरी तरफ से ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। के.जी.-ए के बच्चों द्वारा कवाली ''आनारकली डिस्को चली'' की प्रस्तुति ने खुब तालियां बटोरी। कक्षा प्रथम-ए के बच्चों द्वारा प्रस्तुत करने वाली प्रस्तुति ''जिसके सिर ऊपर तूं स्वामी'' ने दर्शकों को भावुक कर दिया। प्रथम-सी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत मैं निकला गडी ले के तथा प्रथम-बी द्वारा प्रस्तुत ''मस्त पंजाबी'' ने उपस्थित सभी जनों को मोहित कर दिया। कक्षा दूसरी-ए की प्रस्तुति अरबी डांस व दूसरी-बी की प्रस्तुति हॉरर डांस ने तो उपस्थित दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए। इसके साथ कक्षा ग्याहरवीं के छात्रों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। संस्कृति कार्यक्रम के साथ-साथ कक्षा नर्सरी से दूसरी में विभिन्न क्रियाकलापों में विजेता रहे बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए अध्यापिका अनुमेहा ने अपनी जिम्मेवारी बखूबी निभाई तथा कार्यक्रम के समय को अपने शब्दों से बांधे रखा।

## वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्प्लॉयज यूनियन का 21वां वार्षिक अधिवेशन जबलपुर में संपन्न

### कॉम मुकेश गालव पुन: महामंत्री निर्वाचित हुए, कोटा पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

23 वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्प्लॉयज यूनियन का 21 वा वार्षिक अधिवेशन जबलपुर में 22 से 23 दिसम्बर तक संपन्न हुआ । जिसमें विशाल रैली , खुला अधिवेशन और प्रतिनिधी सत्र के साथ यूनियन की जोनल कार्यकारणी के चुनाव भी सफलता पूर्वक संपन्न हुए। यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि अधिवेशन में कोटा , भोपाल और जबलपुर के 5 हजार से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया जिसमें बड़ी संख्या में महिला और युवा रेल कर्मचारी शामिल रहे। रैली का नेतृत्व आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री कॉम शिव गोपाल मिश्रा , कार्यकारी अध्यक्ष कॉम जे आर भोंसले और यूनियन के महामत्री कॉम मुकेश गालव कर रहें थे। इस वार्षिक अधिवेशन में यूनियन द्वारा 11 प्रस्ताव प्रस्तुत किए जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। सत्र के अंत में आगामी कार्यकाल हेतु यूनियन की जोनल कार्यकारणी के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव की प्रक्रिया और परिणामों को घोषित करते हुए चुनाव अधिकारी एस बी श्रीवास्तव ने बताया कि जोनल कार्यकरिणी के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए है जिनमे कॉम. मुकेश गालव महामंत्री, कॉम. फिलिप ओमान जोनल अध्यक्ष , कॉम. बी एन शुक्ला



कार्यकारी तथा कॉम. इरशाद खान जोनल कोषाध्यक्ष पद हेतु पुनः निर्वाचित हुए। कोटा मंडल से कॉम अरविंद सिंह और कॉम. हेमंत राठौर भी उपाध्यक्ष पद पर पुनः निर्वाचित हुए। वही सहायक महामंत्री पद पर कोटा के कॉम. नरेश मालव नव निर्वाचित घोषित हुए। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद कार्यक्रताओ ने अपनी लीडरशिप का मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुऐ हर्ष व्यक्त किया। इसके पश्चात जोनल अध्यक्ष कॉम फिलिप ओमान द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अधिवेशन की समाप्ति की घोषणा की गई। 24 दिसंबर को सभी निर्वाचित पदाधिकारी दयोदय एक्सप्रेस से कोटा पहुंचे जहा कोटा मंडल के कार्यकर्ता साथियों द्वारा उनका भव्य स्वागत रेलवे स्टेशन पर किया गया । ढोल नगाड़ों और नारो के जाय घोष से पूरा स्टेशन परिसर गूंज उठा।




# आर्यिका श्री विपुल मति माताजी ससंघ का हुआ थूवोनजी में मंगल प्रवेश

## नववर्ष एक जनवरी को होगा महामस्तिभिषेक, चौबीस वर्षों में थूवोनजी तीर्थ क्षेत्र का कायाकल्प हो गया: आर्यिका श्री

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**



आचार्य श्री विवेकसागर जी महाराज की परम शिष्या आर्यिका रत्न श्री विपुल मति माताजी ससंघ, आर्यिका श्री विमुक्त मति माताजी, आर्यिका श्री विमल मति माताजी, क्षुल्लिका श्री विनत मति माताजी ससंघ का प्रातः काल की वेला में श्री दिगंबर जैन दर्शनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र थूबोनजी में मंगल प्रवेश हुआ। जहां क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू मिल, महामंत्री विपिन सिंघई, प्रचार मंत्री विजय धुर्रा, मुन्ना वाझल, मुनेश विजय पुरा, अरूण भूरा ने आर्यिका संघ की अगवानी की। इस दौरान सन्तोष सिघई, पप्पू धानू, भानु वरखेडा, धर्मेन्द्र पठा, अनिल कुलइया सहित अन्य भक्तों ने उनकी आरती की। इसके पहले आर्यिका संघ ने चन्देरी से थूवोनजी के लिए पद विहार किया जहां समाज के अध्यक्ष राकेश कक्का, मंत्री अविनाश जैन, गौशाला प्रभारी राकेश बागरिया, अनिल कडरया, दीपक जैन, अविरल कठरया, राजेश जैन सहित अन्य सैकड़ों भक्तों महिलाओं-पुरुषों ने उनके साथ पद विहार कर तागड़ी तक पहुंचे। इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आचार्य श्री विवेक सागर जी महाराज वर्षों पूर्व अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी पधारें थे। आज उनकी शिष्या आर्यिका श्री विपुल मति माताजी ससंघ का तीर्थ पर आगमन हुआ है आपका वर्षा योग चन्देरी नगर में हुआ था माताजी तगारी रात्रि विश्राम कर पधारी है। इतनी बड़ी संख्या में भक्तों का काफिला साथ आया है हम आप सभी का दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी की ओर से स्वागत करते हैं। कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल सहित प्रमुख जन चन्देरी विमान महोत्सव में जहां आप विराजमान थे वहां कमेटी पहुंची। इस दौरान महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि थूवोनजी में रोज ही भक्तो दारा भगवान के अभिषेक शान्ति धारा की जाती है ये सब मुनि पुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज की कृपा है आज अशोक नगर की माटी से जुड़े डॉ मोहन जैन भोपाल से परिवार सहित आये इनका हम सभी भक्तों के साथ सम्मान करते हैं इस दौरान चन्देरी समाज के मंत्री अविनाश जैन राकेश जैन अनिल कडरया सचिन जैन सहित अन्य भक्तों का कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री विपिन सिंघाई मंत्री विजय धुर्रा मुन्ना वाझल मुनेश विजय पुरा ने श्री फल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

### हरियाली बता रही है तीर्थ क्षेत्र पर कमेटी ने बहुत काम किया है: आर्यिका श्री

इस दौरान आर्यिका रत्न श्री विपुल मति माताजी ने कहा कि हम चौबीस वर्ष पूर्व थूवोनजी आये थे चारों ओर पत्थर ही पत्थर नजर आता था बड़ी बड़ी शिलाये देखकर लगता था कि यहां कुछ नहीं हो सकता लेकिन यहां सब तरफ हरियाली ही हरियाली देखकर लग रहा है कि यहां कमेटी ने बहुत मेहनत की है आज मन आनंदित है।

### जगत कल्याण की कामना के लिए कि शान्ति धारा

थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का अभिषेक कर भक्तो दारा जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा इन्द्र वनकर की गई जिसका सौभाग्य कमेटी के परम संरक्षण शैलेन्द्र दददा पीयूष चौधरी इन्दौर कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा को प्राप्त हुआ। दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर श्री भक्तामर पाठ जैन युवा वर्ग संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों के साथ होगा साथ ही दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के तत्वावधान एवं श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग के संयोजक में रात्रि वारह वजकर एक मिनट के साथ नव वर्ष में प्रवेश करते ही भगवान की एक हजार आठ दीपों से महा आरती की जायेगी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री विपिन सिंघाई मंत्री विनोद मोदी कोषाध्यक्ष सौरववाझल ने सभी से नववर्ष पर थूवोनजी पधारने का निवेदन किया है।

# जैन सोशल ग्रुप सनशाइन संगिनी द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए




**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। जैन सोशल ग्रुप सनशाइन संगिनी के तत्वाधान में निर्धन एवं वंचित लोगों को कंबल वितरित किए गए। संस्था अध्यक्ष आकांक्षा बुरड़ ने बताया कि संस्था की सदस्यों ने रेलवे स्टेशन के फुटपाथ पर रहने वाले गरीब लोगों को कंबल वितरित किए इसके पश्चात होटल शंकर पैलेस के सामने झुग्गी बस्ती में जीवन यापन करने वाले परिवारों को प्रति डेरे पर एक कंबल वितरित किया। साथ ही कृषि मंडी उदयपुर रोड के बाहर खुले में रहने वाले परिवारों को भी कंबल दिए। इस अवसर पर संस्था सचिव शोभन्ता मेहता, फाउंडर प्रेसिडेंट प्रीति डेढ़िया, निकिता नाहटा, सीमा सांखला, विनीता बुरड़, रेखा चपलोत, रंजना बाबेल, सीमा नाहटा, नमिता नाहटा, नेहा श्री श्री, रूपल श्री श्री माल सहित सदस्य उपस्थित थे।

# भक्तामर मण्डल विधान में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**



निवाई। श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में विश्व णमोकार दिवस के उपलक्ष्य पर गाजे बाजे से भक्तामर मण्डल विधान का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौला ने बताया कि विधान से पूर्व श्रद्धालुओं ने निवाई सम्राट मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ जी की शांतिधारा के साथ अभिषेक किए। उसके बाद विधानाचार्य निर्मल जैन पांडया के सानिध्य में भक्तामर मण्डल विधान की रचना की जिसमें नित्य प्रति पूजा अर्चना देव शास्त्र गुरु पूजन आदिनाथ जिनबिम्ब पूजन पदम प्रभु जिन पूजा, पार्श्वनाथ जिन पूजा के साथ भक्तामर मण्डल विधान की पूजा अर्चना भक्ति भाव से की। जौला ने बताया कि विधान कार्यक्रम में सोधर्म इन्द्र प्रकाश बढ़ेरा सहित सभी इंद्र इन्द्राणियो ने 96 श्री फल अर्घ्य समर्पित किए। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने भगवान पार्श्वनाथ जी की विशेष आरती की। जौला ने बताया कि विश्व णमोकार दिवस पर विधान कार्यक्रम के तहत णमोकार महामंत्र की विशेष प्रस्तुतियां दी गई।

# जैन धर्म के श्रावकों ने विश्व णमोकार दिवस मनाया, भक्ति भाव के साथ णमोकार महामंत्र का जाप किया



राजेश जैन. शाबाश इंडिया

**टोंक**। आदिनाथ शुभकामना परिवार पुरानी टोंक द्वारा रविवार को विश्व णमोकार दिवस मनाया गया। शुभकामना परिवार की संयोजक मधु लुहाड़िया ने बताया कि प्रातः भगवान आदिनाथ, चंद्रप्रभु पार्श्वनाथ, शांतिनाथ, नेमिनाथ एवं जिनवाणी माता का भक्ति भाव के साथ पूजन किया गया तत्पश्चात चंद्र प्रभु नसिया में णमोकार महामंत्र का जाप करते हुए परिक्रमा लगाई। भगवान चंद्र प्रभु की पूजा करते हुए श्री जी के चरणों में अष्ट द्रव्य जल,चंदन, अक्षत, पुष्प ,नैवेद्य ,दीप, धूप,फल समर्पित किये प्रभु की भक्ति में चँवर ढुलाते हुए भक्ति नृत्य प्रस्तुत किये एवं 111 बार णमोकार महामंत्र का जाप कर णमोकार दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर चमेली, मंजू, इंदिरा, सीमा, कुशाल,संजू, मधु, प्रेमलता, संतरा, चंद्रकांता, रेणू, सरोज मौजूद थी ।इसी क्रम में विश्व णमोकार दिवस के अवसर पर श्री दिगंबर जैन वर्धमान पाठशाला माणक चौक के बालकों द्वारा भी णमोकार मंत्र का जाप करते हुए भक्ति भाव के साथ पाठ किया गया। वर्धमान पाठशाला की अध्यक्ष संगीता बिलासपुरिया एवं व्यवस्थापक अशोक छाबड़ा ने बताया कि पंडित राजीव शास्त्री के निर्देशन में पाठशाला के बालकों ने णमोकार महामंत्र का जाप करते हुए नसिया परिसर की परिक्रमा लगाकर विश्व णमोकार दिवस मनाया। कार्यक्रम में कनक श्री महिला मंडल नैतिक महिला मंडल की महिलाओं ने भी भाग लिया ।

# मेडिकल अनुसंधान के लिए दान की तिलक की पार्थिव देह

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



कनक लता जी तिलक धर्म पत्नी स्वर्गीय श्री रमेश जी तिलक के निधन के पश्चात परिवार जनों द्वारा निम्स मेडिकल कॉलेज जयपुर में उनकी पार्थिव देह मेडिकल अनुसंधान के लिए दी गई । धर्म परायण श्रीमती कनक लता जी तिलक की नेत्र ई वी एस ओ आर जयपुर को तथा त्वचा एस एम एस मेडिकल कॉलेज जयपुर को दान की गई। उल्लेखनीय है कि तिलक धर्म परायण, मुनीभक्त, सादगी पूर्ण व्यक्तित्व की धनी थी। उनके परिवार जन द्वारा मानव सेवार्थ किए गये इस अनुकरणीय व प्रशंसनीय कार्य के लिए बहुत-बहुत आभार।






# आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के प्रवचन से प्रभावित होकर जैनेत्तर लोगों ने किया माँस मंदिरा का त्याग



गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया। श्री दिगंबर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी राजस्थान के तत्वावधान में 1008 दिवसीय श्री जिनसहस्त्रनाम का अखंड मंगल पाठ गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में चल रहा है। गुरु भक्त महेश मोटूका एवं शैलेंद्र संघी द्वारा आज की शांतिधारा कराई गई। तत्पश्चात गुरु माँ के मुखारविंद से भव्य जीवों को मोक्षमार्ग प्रशस्त करने के लिए सदुपदेश का आयोजन हुआ। प्रवचन देते हुए माताजी ने कहा कि संसार का प्रत्येक प्राणी सुख चाहता है। परंतु भ्रम बुद्धि के वश होकर दुःख के साधनों में ही सुखों को खोजता आ रहा है। मांस खाना, शराब पीना यह सब दुखों को देने वाले हैं। इंसान की पहचान मांस, मदिरा, जुआ से नहीं बल्कि सदाचरण, इंसानियत से होती है। धर्म सभा में उपस्थित जैनेत्तर लोगों ने त्याग धर्म से प्रभावित होकर मांस - मदिरा का आजीवन त्याग करने का संकल्प लिया। आगामी 1 जनवरी 2024 का प्रारंभ प्रभु भक्ति के साथ 108 कलशों द्वारा जिनेंद्र भगवान का मस्तकाभिषेक सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ के सदस्य एवं ट्रस्टियों द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।

# श्री दिगम्बर जैन महा समिति महिला संभाग ने बांटे कम्बल



**बारां. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन महा समिति महिला संभाग ने कम्बल बांटे। संस्था अध्यक्ष चन्द्रकला सेठी ने बताया कि संस्था द्वारा जरूरत मन्द महिलाओं को कम्बल, मोजे बिस्किट के पैकेट आदि का वितरण किया। सचिव सरला जैन ने णमोकार मन्त्र पढ़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ललिता टोंग्या ने बताया कि यह कार्यक्रम संस्था के सभी सदस्यों द्वारा घर के कार्य मे सहयोग करने वाली बाइयो के लिए किया गया। युवा प्रकोष्ठ मंत्री रानी नोपडा ने कहा कि बढ़ती हुई सर्दी को देखते हुए 25 कम्बल पब्लिक पार्क में सभी को एक जगह एकत्रित करके दिए गए। जिनको पाकर वे अति प्रसन्न नजर आई और उनका कहना था कि यदि आप लोग हमें भोजन करवाते तो हमे कोई फायदा नही होता। इसे तो हम बरसो तक ओढ़ कर ठंड से अपना बचाव कर सकते है। इस कार्यक्रम में संस्था की महिला प्रकोष्ठ मंत्री सोनिया चांदवाड़, पूर्णिमा सेठी, चन्द्रेश बड़जात्या, शकुंतला सोनी, विनोद गोधा, श्वेता गंगवाल आदि की उपस्थिति दी व अपना सहयोग दिया।


श्री प्रदीप-श्रीमती अमिता गोदिका

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य




की वैवाहिक वर्षगांठ
( 25 दिसंबर ) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

अध्यक्ष: राकेश-समता गोदिका,
संरक्षक: सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, परामर्शक: दिनेश-संगीता गंगवाल
कार्याध्यक्ष: मनीष - शोभना लोंग्या, सचिव: अनिल - निशा संघी, कोषाध्यक्ष: अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर


# जैन धर्म रक्षक पाठशाला के विधार्थियों द्वारा की गई नवदेवताओं की पूजा अर्चना



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय में जैन धर्म रक्षक पाठशाला विधार्थियों के द्वारा आज नवदेवताओ की रविवारीय पूजा अर्चना की गई, कार्यक्रम में पाठशाला के प्रभारी निखिल जैन लावा ने अवगत कराया कि प्रातः श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा तथा अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना के बाद नवदेवताओं की पूजा एवं पार्श्वनाथ भगवान की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। उक्त कार्यक्रम में पाठशाला की अध्यापिका रेखा जैन झंडा द्वारा बच्चो को नवदेवताओ के नाम और उनका अर्थ भी समझाया गया, सभी अध्यापक अध्यापिकाएं सहित कार्यक्रम में करीब 50 बच्चे-बच्चियां उपस्थित थे। पूजन के उपरांत सभी बच्चो के अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है। जैन धर्म रक्षक पाठशाला निरंतर समाज के भविष्य को संवारने का प्रयास कर रही है, कार्यक्रम में रेखा जैन झंडा, रानी जैन नला, सुरभि जैन कलवाड़ा, सहित सभी अध्यापिकाएं उपस्थित थीं जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि उक्त समय समाज सेवी सोहनलाल झंडा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा, राजाबाबु गोधा, महेंद्र बावड़ी, शिखरचंद मोदी, अशोक कागला, शिखर कठमाना, विमल कलवाडा, मितेश लदाना, पारस मोदी, कमलेश चौधरी, त्रिलोक पीपलू, विनोद मोदी, राजाबाबु गोधा तथा संगीता कागला, मीरा जैन झंडा, सुशीला झंडा, रेखा कठमाना, संजू कागला, संजू बावड़ी, रुचि जैन गोधा आदि श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थी, उक्त कार्यक्रम में धर्म श्रैष्ठी विमल कुमार -श्रीमती मंजु, अंशुल कुमार -अंशु जैन बनेठा निवाई निवासी द्वारा अल्पाहार कराया गया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# सामाजिक और प्रोफेशनल दोनों दायित्वों के निर्वाहन में सहयोग देने वाला जीवन साथी चाहिए

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का प्रथम प्रयास, युवक-युवती परिचय सम्मेलन अभूतपूर्व सफल आयोजन, करीब 1300 प्रविष्टियां एवं 3000 लोगों की उपस्थिति से हुआ परिचय सम्मेलन का आगाज





**इंदौर. शाबाश इंडिया**

वर्तमान परिपेक्ष में देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है ऐसी स्थिति में नई पीढ़ी के अपने जीवनसाथी के बारे में विचार जानने का अवसर इस तरह के युवक युवती परिचय सम्मेलन में मिलता है। युवकों को परिवार को निभाने वाली और साथ ही साथ बाहर की जिम्मेदारियां को भी बेहतर तरीके से निभाने वाली जीवनसाथी चाहिए वहीं दूसरी ओर युवतियां ऐसा जीवनसाथी चाहती है जो उनके माता-पिता का सम्मान करें और उनके सामाजिक और प्रोफेशनल कार्यों के साथ-साथ घर के कामों में भी उनकी मदद करें। युवक-युवती परिचय सम्मेलन में प्रेरक संचालनकर्ता प्रफुल्ल पारीक ने युवक युवतियों से मंच से अपने होने वाले जीवन साथी के विषय में सवाल पूछे तो दोनों पक्षों ने खुलकर अपनी-अपनी पसंद के बारे में अभिभावकों को बताया। अवसर था दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का जो स्थानीय पुखराज पैलेस में 24 दिसंबर 2023 रविवार को अभूतपूर्व सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायिका मालिनी गौड़ एवं नीति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना जैन उपस्थित रहे अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल के उद्घाटन से हुआ इसके उद्घाटन कर्ता थे, मुल्क राज बादशाह, राष्ट्रीय ध्वजारोहण राहुल जैन एवं जैन ध्वजारोहण प्रसिद्ध उद्योगपति आर के जैन रानेका, दीप प्रज्वलन अनिल मधु जैन द्वारा किया गया। युवक और युवती दोनों ने ही मंच से अपनी अपनी पसंद बेहिचक जाहिर की, उन्होंने अपने करियर के साथ-साथ सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारी निभाने हेतु सहमति जताई। इसके अलावा युवक-युवतियों के माता-पिता ने भी अपने बच्चों के लिए योग्य प्रत्याशी के रूप में अपनी पसंद बताई। हमारे घर में बेटी नहीं है मुझे बेटी चाहिए, घर में बहु नहीं, बेटी ही आएगी।दामाद नहीं, हमें बेटा चाहिए जो हमको और हमारे दोनों परिवार को एकजुट बनाए रखें ऐसी बात कहीं। सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी कर रहे कुछ बच्चों के माता-पिता ने मंच पर आकर अपने बच्चो की जानकारी दी। मध्यप्रदेश के अलावा उत्तरप्रदेश,महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, दिल्ली, जम्मू आदि स्थानों से भी लोग वर वधु की तलाश में इंदौर आए हुए थे, सभी आगंतुक अतिथियों को फेडरेशन के द्वारा भोजन एवं आवास की व्यवस्था की गई थी। फेडरेशन की शिरोमणि संरक्षक श्रीमती पुष्पा प्रदीप कासलीवाल के मार्गदर्शन में फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका, महासचिव विपुल बाँझल, मीडिया प्रभारी, राजेश जैन दादू एवं संजीव जैन संजीवनी ने बताया कि प्रथम बार आयोजित इस सम्मेलन के लिए अप्रवासी भारतीय, एवं उच्च शिक्षित, प्रोफेशनल्स, डॉक्टर्स, चार्टेड एकाउंटेंट्स, इंडस्ट्रियलिस्ट, व्यवसायी एवम अन्य प्रोफेशनल्स बच्चों के करीब 1285 से अधिक प्रविष्टियां देश-विदेश से प्राप्त हुई थी, सभी प्रत्याशियों की प्रविष्टियां रंगीन फोटो सहित स्मारिका जिसके मुख्य संपादक कीर्ति पांड्या है , द्वारा प्रकाशित की गई है ,जिसका वितरण सभी प्रत्याशियों/उनके अभिभावक को समारोह स्थल पर ही किया गया जिससे उन्हें आगे संपर्क करने में आसानी हो। कार्यक्रम स्थल पुखराज पैलेस फूटी कोठी को पूर्णतः हाइटेक बनाया गया था, जिसमे सुरक्षा, सीसीटीवी और आयोजन स्थल पर खान -पान के साथ ही कुंडली मिलान व समन्वय कक्ष आदि की व्यवस्था रखी गई थी जिसकी सभी समाज जनों ने प्रशंसा की। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा परिचय सम्मेलन के मुख्य सूत्रधार यशकमल अजमेरा जयपुर, जे के जैन कोटा , ममता जैन रायपुर थे। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन भारतवर्ष में दिगम्बर जैन समाज की सर्वाधिक सक्रिय संगठन है जिसकी 350 से अधिक शाखाएं 13 राज्यो के माध्यम से संपूर्ण देश में फैली हुई हैं इसकी 5 अंतरराष्ट्रीय शाखाए भी है , इनके माध्यम से इस परिचय सम्मेलन के लिए, USA,ऑस्ट्रेलिया ,दुबई, इंग्लैंड सहित राजस्थान, गुवाहाटी, छत्तीसगढ़, गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आन्ध्रदेश, उत्तरप्रदेश सहित 13 राज्यो में करीब 150 से ज्यादा, संयोजक नियुक्त किए गए थे जिनके प्रयास स्वरूप इस परिचय सम्मेलन की गूंज, प्रत्येक दिगंबर जैन परिवार तक पहुंची है। सम्मेलन के मुख्य संयोजक प्रदीप गंगवाल इंदौर, राजीव गिरधरवाल भोपाल, प्रशांत जैन जबलपुर, संजय पापड़ीवाल इंदौर थे। कार्यक्रम में रितेश पाटनी, अमित कासलीवाल, दिनेश दोशी, कमलेश कासलीवाल, हंसमुख गांधी, अनिल रावत, अनुराग जैन, देवेंद्र कंसल अतुल बिलाला, मुकेश बाकलीवाल, विमल अजमेरा, एवं सभी पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# आचार्य 108 श्री सौरभ सागर जी का झोटवाड़ा में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** संस्कार प्रणेता, ज्ञानयोगी आचार्य 108 श्री सौरभ सागर जी गुरुदेव का श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर झोटवाड़ा में रविवार 24 दिसंबर 2023 को प्रातः 9:15 बजे भव्य मंगल प्रवेश हुआ। भव्य जुलूस में लगभग 700 से अधिक साधार्मि बंधुओ आचार्य श्री की अगवानी की और भव्य जुलूस में भाग लिया ।श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पंडाल में आचार्य श्री का मंगल प्रवचन का लाभ लिया ।



# दिगम्बर जैन महासमिति सांगानेर संभाग का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

24 दिसम्बर 2023 को दिगम्बर जैन महासमिति सांगानेर संभाग एवं प्रतापनगर सेक्टर-8 के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संभाग स्तरीय वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह श्री मोहनलाल चन्द्रावती चेरीटेबल ट्रस्ट गार्डन, प्रतापनगर -10 में अनिलकुमार जैन आईपीएस की अध्यक्षता , राजकुमार आशादेवी शाह के मुख्य आतिथ्य, उत्तमचंद पाण्डया एवं डॉ. णमोकार जैन के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। दीप प्रज्वलन शिखरचंद लीलादेवी जैन ने किया। भागचन्द मित्रपुरा, महावीर चांदवाड, डॉ. ब्र.अनिलकुमार जैन मंचासीन अतिथि थे। मंगलाचरण जितेन्द्र जैन जीतू ने किया। सर्वप्रथम संभाग अध्यक्ष कैलाशचन्द मलैया ने सांगागेर संभाग का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात संभाग की समस्त इकाई अध्यक्षों ने अपनी इकाई की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें राजकुमार गोधा चौमूबाग, सुरेन्द्रकुमार झांझरी सेक्टर-3, अनिलकुमार जैन बीएसएनएल सेक्टर -17, बाबूलाल ईटून्दा सेक्टर -8, कमलेश जैन सेक्टर-5, राजेश कुमार पाण्डया श्योपुर, सुनीलकुमार




काला दुर्गापुरा, पदमचंद गंगवाल शिवदासपुरा, विनय कुमार लुहाड़िया पार्श्वनाथ कालोनी, अशोक कुमार गंगवाल चाकसू, सुरेन्द्रकुमार जैन गोवर्धननगर आदि थे। संभाग मंत्री डॉ. अरविन्द कुमार जैन ने इकाई कार्यों की समीक्षा की एवं आगामी वर्ष हेतु दिशा बिन्दुओं पर चर्चा की। समाज में जैन संस्कारों के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए अंचल अध्यक्ष ने सांगागेर संभाग द्वारा आगामी वर्ष-2024 को श्रावकाचार वर्ष मनाने की घोषणा की। सम्मान की कड़ी में ऑनलाइन संगोष्ठी विद्वत सम्मान- डॉ. संजीव गोधा (मरणोपरांत)- श्रीमती संस्कृति गोधा, डॉ. भागचन्द जैन का किया गया।इसके बाद संभाग के सभी मन्दिरों के अध्यक्ष-मंत्री, इकाई अध्यक्ष- मंत्री सम्मान, नवीन संरक्षक- विशिष्ट सदस्य सम्मान, गोवर्धन नगर नवीन इकाई सम्मान किया गया। ₹महासमिति वरिष्ठ जन सम्मान₹ से भागचन्द पाटनी एवं प्रेमचन्द बडजात्या को सम्मानित किया गया।इसके बाद ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर प्रभारी एवं शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसके बाद प्रत्येक शिविर केन्द्र की प्रत्येक कक्षा में प्रथम-द्वितीय आने वाले सभी शिविरार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समस्त सम्मान- पुरस्कार पुण्यार्जक राजकुमार- आशा देवी शाह थे। संभाग अध्यक्ष कैलाशचंद्र मलैया ने सांगानेर संभाग महिला महासमिति की घोषणा की जिसमें संभाग महिला महासमिति अध्यक्ष- मधु जैन सेक्टर-3, उपाध्यक्ष- कमला आजमेरा चौमूबाग, मंत्री- राखी जैन सेक्टर-8, कोषाध्यक्ष- प्रज्ञा जैन सेक्टर-17 का मनोनयन किया गया जिनका अंचल अध्यक्ष ने सम्मान किया। इस वर्ष की श्रेष्ठ इकाई चौमूबाग, श्रेष्ठतर इकाई प्रतापनगर सेक्टर-3 को घोषित किया गया जिनका प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मान किया गया। वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह के संयोजक प्रतापनगर इकाई सेक्टर-8 को प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. बी सी जैन ने किया। संयोजन में महेन्द्र पचाला, बाबूलाल ईटून्दा, सुरेन्द्रकुमार झांझरी, राखी जैन, मधु जैन, आशीष पाटनी, मुकेश छाबडा एवं समस्त प्रतापनगर सेक्टर -8 का विशेष योगदान रहा।

**-डॉ. अरविन्द कुमार जैन मंत्री**

## बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी का स्नेह मिलन समारोह संपन्न



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। नवकार रिसोर्ट में श्री बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में स्नेह मिलन समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र छाबड़ा ने बताया कि समारोह में जिन सदस्यों के शादी की सालगिरह एवं जन्म दिवस था उनका भावभिना सम्मान किया गया। निशांत जैन एवं हर्ष कुमार चौधरी युवा नव विवाहित कपल एक दूसरे को माल्यार्पण कर सेलिब्रेट किया। सभीजनों ने हर्ष के साथ अभिवादन किया। इस दौरान मोक्षरथ में राजकुमार गदिया एवं बसंती लाल जैन ने विशेष सहयोग प्रदान किए जाने पर इनका सोसाइटी द्वारा अभिनंदन किया गया। न्यू हाउसिंग बोर्ड शास्त्री नगर में हुए पंचकल्याणक सफलतापूर्वक संपन्न होने पर समिति के अध्यक्ष राकेश पाटनी एवं सचिव निर्मल जैन का सोसाइटी द्वारा सम्मान किया गया। सोसाइटी के सभी परिवारजनों ने आमोद- प्रमोद के कार्यक्रम आयोजित कर उत्साह वर्धन किया। हीराचंद चांदीवाल ने सोसाइटी की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। सचिव राजकुमार चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन वीरेंद्र छाबड़ा ने किया।

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर का स्नेह मिलन संपन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर का स्नेहमिलन समारोह मानसरोवर स्थित मीरा मार्ग जैन मंदिर जी के संत भवन में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम सभी सदस्य मंदिरजी में भगवान के दर्शन कर आदिनाथ भवन पहुंच कर भक्तामर व नमोकार पाठ किया तथा भजन गाये । इसके बाद भगवान का चित्र अनावरण श्रीमति भंवर देवी गोधा ने व दीप प्रज्जवलन श्रीमति बीना-कैलाश चन्द्र जैन ने किया। इसके बाद मंगलाचरण श्रीमति मंजू बडज्याता ,शशिप्रभा, डां शान्ति जैन ₹ मणि ₹, आभा गंगवाल, पुष्पा कासलीवाल व रविप्रभा जैन ने बडे मनमोहक रुप में प्रस्तुत किया । चित्र अनावरण कर्ता व दीपप्रज्जवलन कर्ता का माला व दुपटा पहनाकर स्वागत किया गया । श्रीमति शशिप्रभा जैन ने सभी सदस्यों को हाऊजी खिलाई। श्रीमति मंजू बड़जात्या ने धार्मिक प्रश्नमंच का संचालन किया। प्रश्नों के सही ऊत्तर देने वालों को श्रीमति भंवर देवी गोधा के माध्यम से नकद पुरस्कार दिये गये । एक अन्य धार्मिक प्रश्नमंच में ग्रुप की ओर से पुरस्कार डां शान्ति जैन ''मणि'' ने दिए। अन्त में भक्तामर के 26 वें काव्य से मीटिंग शुरू हुई।